# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी—दिव्यराज सिंह चुण्डावत (आर.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 117 / 2025 | 05.03.2025 | 02.05.2025 |

1. श्री गोवर्धन आत्मज देबीलाल माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
2. श्री छोटू उर्फ छोटूलाल माली आत्मज देबीलाल माली निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
3. श्रीमती भदेरी उर्फ भदेरी देवी माली पत्नी स्व0 देबीलाल माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
4. श्री शंकर उर्फ शंकरलाल आत्मज सवाईराम माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
5. श्री शम्भु उर्फ शम्भुलाल आत्मज सवाईराम माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
6. श्रीमती मैनी पुत्री देबीलाल माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।

—— प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री अमरा आत्मज घीसा माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
2. श्रीमती देउ पुत्री घीसा माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
3. पप्पु आत्मज घीसा माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
4. बद्री आत्मज घीसा माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
5. बालू आत्मज घीसा माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
6. लाली पुत्री घीसा माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
7. कमला पुत्री सवाईराम माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
8. केशी पुत्री सवाईराम माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

9. बरजी पत्नी सवाईराम माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
10. बाली पुत्री सवाईराम माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
11. चत्रभुज पिता कालु माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
12. श्रीमती चान्दी पत्नी गणेश माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
13. प्रेम पुत्री गणेश माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
14. बरदा पुत्र रामसुख माली, निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
15. श्रीमती तुल्छा माता जीज जरिये श्री रतनलाल सालवी आत्मज श्री सालवी निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
16. श्री हीरा जाट आत्मज श्री उंकार जाट निवासी आमा तहसील बडलियास (सवाईपुर) जिला भीलवाडा।
17. राजस्थान राज्य जरिये नायब तहसीलदार, बडलियास (राज)।

—— विपक्षीगण

उपस्थितः—अधिवक्ता प्रार्थीगण श्री अश्विन पाण्डिया उपस्थित।
अप्रार्थी संख्या 01 से लगाकर 16 उपस्थित नहीं

**—: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 आर0एल0आर एक्ट :—**

**—:: निर्णय ::—**

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने विपक्षीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम आमा पटवार हल्का आमा, भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र बडलियास तहसील व जिला भीलवाड़ा की सरहद मे प्रार्थीगण की आराजी संख्या 1573 रकबा 0.2914 हैक्टेयर, आराजी नम्बर 1574 रकबा 0.0324 हैक्टेयर, आराजी नम्बर 1575 रकबा 0.3885 हैक्टेयर, आराजी नम्बर 1576 रकबा 2.0558 हैक्टेयर कुल किता 04 कुल रकबा 2.7681 हैक्टेयर कृषि भूमि स्थित है।

प्रार्थीगण की खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और विपक्षीगण के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थीगण अपनी खातेदारी आराजी की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थीगण उक्त वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

इस पर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 16 उपस्थित नहीं। प्रार्थीगण अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थीगण द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थीगण अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। मेंनें प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश हेतु नियत किया गया।

मेंने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण उक्त आराजियात के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे अपनी आराजियात की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के कम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

अतः नायब तहसीलदार बडलियास को सीमांकन (पत्थरगढी ) करने का आदेश दिया जाता है कि ग्राम आमा पटवार हल्का आमा, भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र बडलियास तहसील व जिला भीलवाड़ा की सरहद मे प्रार्थीगण की आराजी संख्या 1573 रकबा 0.2914 हैक्टेयर, आराजी नम्बर 1574 रकबा 0.0324 हैक्टेयर, आराजी नम्बर 1575 रकबा 0.3885 हैक्टेयर, आराजी नम्बर 1576 रकबा 2.0558 हैक्टेयर कुल किता 04 कुल रकबा 2.7681 हैक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कार्य संपादन से पूर्व फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जावे। पत्थरगढ़ी का आशय पक्षकारों की उपस्थिति में निशानात कायम करने भर से है। इस आदेश में किसी पक्ष की बेदखली व कब्जा देने की कार्यवाही नहीं की जाए तथा किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु नायब तहसीलदार बडलियास को 1000–00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। नायब तहसीलदार बडलियास को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 02.05.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(दिव्यराज सिंह चुण्डावत)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा